XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण कमांक – रिव्यू 1576–दो/13

जिला – शिवपुरी

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
1-6-15	प्रकरण का अवलोकन किया । यह पुनरावलोकन इस न्यायालय द्वारा प्रकरण कमांक निग0 31–तीन/96 में पारित आदेश दिनांक 7–03–13 के विरूद्ध म0प्र0 भू–राजस्व संहिता, 1959 (जिसे आगे संहिता कहा जायेगा) की धारा 51 के तहत प्रस्तुत किया गया है । 2– उभयपक्ष के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों पर विचार किया गया एवं प्रकरण का तथा आलोच्य आदेश का अध्ययन किया गया । निम्नलिखित तीन आधार विद्यमान होने पर ही पुनरावलोकन आवेदन स्वीकार किया जा सकता है :– 1– नई एवं महत्वपूर्ण बात/साक्ष्य का पता चलना जो उस समय जब आदेश पारित किया गया था, सम्यक तत्परता के पश्चात भी नहीं मिल पाई थी. 2– अभिलेख से प्रकट कोई भूल/गलती. 3– कोई अन्य पर्याप्त कारण । आवेदक ने पुनरावलोकन का जो आवेदन पेश किया है उसके परीक्षण से उक्तांकित आधारों में से कोई आधार विद्यमान होना नहीं पाया जाता इसलिए इस पुनरावलोकन आवेदन में कोई बल नहीं होने से यह पुनरावलोकन प्रकरण निरस्त किया जाता है । उभयपक्ष सूचित हों । सदस्य	

न्यायालय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर

पुर्नविलोकन प्रकरण क्रमांक /2013 जिला–शिवपुरी

रिव्यू 1576-II/13

श्री धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, अधि.
द्वारा आज दि. 26-4-13 को
प्रस्तुत
26-4-13
क्लर्क ऑफ कोर्ट
राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर

रामदयाल पुत्र गोकलिया, निवासी ग्राम धौलागढ़, तहसील व जिला शिवपुरी (म.प्र.)

–– आवेदक

विरूद्ध

जवाहरलाल पुत्र गोकलिया (मृत) विधिक वारिसानः–

1. हरचरण पुत्र स्व. जवाहरलाल
2. अशोक बाथम स्व. जवाहरलाल,
3. कमलाबाई पुत्री स्व. जवाहरलाल,
4. कमलाबाई पत्नी श्री लालाराम
5. सुशीलाबाई पत्नी श्री प्रीतम,
6. गुड्डीबाई पत्नी मोहन,
7. भूरीबाई पत्नी दिलीप,
8. रेखाबाई पुत्री जवाहरलाल

समस्त निवासीगण टी.बी. अस्पताल के पीछे, शिवपुरी, जिला शिवपुरी (म.प्र.)

चन्दाबाई पत्नी अशोक मृत विधिक वारिसानः–

9. अशोक पुत्र नामालूम, निवासी चाय की दुकान, नेहरू पैट्रोल के पास, ए.बी. रोड, लश्कर, ग्वालियर
10. जगन्नाथ पुत्र गोकलिया, निवासी धौलागढ़, तहसील व जिला शिवपुरी,
11. रामचरण पुत्र गोकलिया, निवासी पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला शिवपुरी म.प्र.

–– अनावेदकगण

माननीय न्यायालय श्री एम.के. सिंह, सदस्य राजस्व मण्डल द्वारा प्रकरण क्रमांक 31/VI/1996 शिवपुरी में पारित आदेश दिनांक 07.03.2013 के